an>

Title : Need to give honorarium and dues to teachers of Madarsas in Uttar Pradesh.

*m01

**श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** अध्यक्ष महोदय, मैं अति महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान लोक सभा क्षेत्र व जिला श्रावस्ती एवं जिला बलरामपुर की तरफ दिलाना चाहता हूं ।

महोदय, मदरसा आधुनिकीकरण योजना भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित की जाती है । केवल उत्तर प्रदेश के 8,584 आच्छादित मदरसों में लगभग 25,500 शिक्षक कार्य करते हैं । बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि इन आधुनिक शिक्षकों को कई वर्षों से केन्द्रांश मानदेय नहीं मिल रहा है । ग्रेजुएट शिक्षकों को 8 हजार रुपये एवं पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षकों को 12 हजार रुपये मानदेय मिलता है, जो इस महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है । इन तमाम शिक्षकों को 48 माह से अधिक बीत जाने और मानदेय न मिलने से इनका पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है । प्रदेश के लगभग 30 शिक्षक कर्ज और मुफलिसी की भेंट चढ़कर आत्महत्या कर चुके हैं । भारत सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के दृढ़ निश्चय के साथ सत्ता प्राप्त की है, मगर इस योजना में कार्यरत शिक्षकों को 48 माह का वेतन न देकर योजना पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है ।

अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित मदरसे में कार्यरत शिक्षकों का मानदेय बढ़ाया जाए व बाकी बकाया मानदेय का भुगतान यथाशीघ्र कराया जाए ।